# HINDI

## हिन्दी

## (301)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के सभी प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से केवल एक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' अथवा खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

### खण्ड – 'क'

1 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े ।
नीरज नयन नेह–जल बाढ़े ।।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा ।
एहि तें अधिक कहौं मैं काहा ।।
मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ ।
अपराधिहु पर कोह न काऊ ।।

**अथवा**

जो कहते हैं – कठपुतली के इस खेल में
कठपुतली नहीं बनेंगे
वे चुपके से कठपुतली बना दिए जाते हैं ।
वे ही सबसे पहले अपनी डोर किसी और को थमा देते हैं ।
नामालूम तरीके से
कठपुतली बने हुए हम जीते रहते हैं बरस–दर–बरस ।
और मरते वक्त पाते हैं कि 'अरे ! हम तो कठपुतली थे ।'

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति होय ।
बारे उजियारो लगै, बढ़ै अँधेरो होय ॥

2 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) ग्रीष्मकाल की विशेषताओं का चित्रण बिहारी के दोहे के आधार पर कीजिए ।

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' के आधार पर श्रमिक महिला का सौंदर्य चित्रण कीजिए ।

(ग) 'रैदास' के 'पद' के पठित अंश के आधार पर उनकी भक्ति–भावना पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।

3 रीतिकालीन **अथवा** भक्तिकालीन कविता की किन्हीं **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **2**

4 महादेवी वर्मा की कविता 'मैं नीर भरी दुख की बदली' **अथवा** मुक्तिबोध की कविता 'मुझे कदम कदम पर' का केंद्रीय भाव लगभग **35** शब्दों में लिखिए । **2**

5 (क) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियाँ किस छंद में लिखी गई हैं ? **1**

बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय ।
सौंह करैं भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाय ॥

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों में निहित रस का नाम लिखिए : **1**

नैनां अन्तरि आव तूँ ज्यूँ हीं नैन झँपेउँ ।
ना हौं देखौं और कूँ, ना तुझ देखन देउँ ॥

6 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

मेरे इस स्वाभाविक युद्ध में अब मेरे आड़े कुछ नहीं आएगा – न संस्कार, न मोह, न संबंध, न....! यदि शालीन रहकर अनुराधा यह संघर्ष न कर सकी तो अत्युत्तम, अन्यथा वह भी त्याग देगी । यह युद्ध तो अब हर हाल में अनवरत चलेगा, यह संघर्ष होकर ही रहेगा, पीछे नहीं हटेगी अनुराधा इस संघर्ष से ।

**अथवा**

दुर्जन के चित्त से भी अधिक कठोर पाषाण की कारा में रुद्ध, अज्ञात जल स्रोत से बरबस रस खींचकर सरस बना हुआ है । और मूर्ख के मस्तिष्क से भी अधिक सूने गिरिकांतार में भी ऐसा मस्त बना है कि ईर्ष्या होती है । कितनी कठिन जीवनी शाकी है, प्राण ही प्राण को पुलकित करता है, जीवनी शाकी ही जीवनी शाकी को प्रेरणा देती है ।

7 पठित पाठ के आधार पर मन्नू भंडारी **अथवा** कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की भाषा–शैली की **दो** विशेषताएँ लिखिए । **2**

8 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-50** शब्दों में लिखिए : **3+3=6**

(क) लेखक को क्यों लगता है कि 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' रची जा रही है ? **तीन** बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' व्यंग्य के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(ग) रामचंद्र शुक्ल के निबंध के आधार पर 'राजकोप' और 'लोककोप' में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

9 (क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर कुंवरसिंह के चरित्र की तीन विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए । 3

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास आपको क्यों प्रिय है ? तीन कारणों पर प्रकाश डालिए । 3

अथवा

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की भाषा की तीन विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

10 (क) कुमुद के जन्म के साथ क्या–क्या लोक विश्वास फैल गए थे ? 1

(ख) नायकसिंह ने देवीसिंह को क्या लालच दिया ? 1

11 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हो रहे खड़े आज़ादी को हर ओर दगा देने वाले
पशुओं को रोटी दिखा उन्हें फिर साथ लगा लेने वाले
इन के जादू का जोर भला कब तक भूखा सह सकता है ?
है कौन, पेट की ज्वाला में पड़कर मनुष्य रह सकता है ?

झेलेगा यह बलिदान ? भूख की घनी चोट सह पाएगा ?
आ गई विपद् तो क्या प्रताप–सा घास चबा रह पाएगा ?
है बड़ी बात आज़ादी का पाना ही नहीं, सजोना भी,
बलि एक बार ही नहीं, उसे पड़ता फिर–फिर दुहराना भी ।

आज़ादी रोटी नहीं मगर दोनों में कोई वैर नहीं,
पर कहीं भूख बेताब हुई तो आज़ादी की खैर नहीं ।

(क) आज़ादी को धोखा देने वाले आपके विचार से कौन हो सकते हैं? आप ऐसा क्यों मानते हैं ? 1

(ख) महाराणा प्रताप का उल्लेख क्यों किया गया हैं ? 1

(ग) भूखा किनके जादू का जोर नहीं सह सकता ? 1

(घ) बलिदान बार–बार क्यों देना पड़ सकता है ? 1

(ङ) आशय स्पष्ट कीजिए – 1

पर कहीं भूख बेताब हुई
तो आज़ादी की खैर नहीं !

12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वे अक्सर अपना सिर धुनते कि दुनियाँ तेज़ी से बदल रही है और लोग दिनोंदिन स्वार्थी होते जा रहे हैं । सोच तब बदली जब बीमार पड़े और एक अनजान शख्स ने उन्हें खून दिया । अब वे कहते हैं कि दुनिया भले लोगों से भरी पड़ी है । दर असल दूसरों के लिए कुछ करना हमेशा अपने लिए बेहतर बनने का रास्ता खोलता है । यह हमें भीतर से खूबसूरत बनाता है । जो लोग यह सोचकर निराश हैं कि दुनिया तेज़ी से असामाजिक हो रही है, उन्हें वास्तव में अपनी सोच बदलने के लिए खुद को बाध्य करना होगा । सच्चाई यही है कि हम चाहकर भी असामाजिक नहीं हो सकते । दूसरों को ज़्यादा देर तक नज़रअंदाज करना हमारे लिए संभव ही नहीं ।

आदमी की अपनी अंतरात्मा में और आज की दुनिया में प्रेम का उत्पादन और संग्रह कम तो हो सकता है पर खत्म नहीं हो सकता । आप निराश रहते–रहते अचानक पाते हैं कि किसी ने आप में आशा का संचार कर दिया है । आप असामाजिक बनते जा रहे हों तो घबराइए मत । अभी से यह सोचना बंद कर दीजिए कि आपके पास देने को कुछ नहीं है । आपके पास प्रशंसा, प्यार, सहायता करने के लिए बहुत कुछ है । बाँटना शुरू तो कीजिए ।

(क) गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 1

(ख) आशय स्पष्ट कीजिए – बाँटना शुरू तो कीजिए । 1

(ग) उल्लिखित व्यक्ति की सोच कैसे बदल गई ? 1

(घ) स्वयं अच्छा बनने का मार्ग क्या बताया गया है ? 1

(ङ) 'दुनिया तेज़ी से असामाजिक हो रही है' – ऐसा सोचने वालों को क्या करना चाहिए ? 1

(च) टिप्पणी कीजिए – "हम चाहकर भी असामाजिक नहीं हो सकते ।" 1

(छ) हमारे स्वभाव के बारे में लेखक ने 'सच्चाई यही है' किसके लिए कहा है ? क्यों ? 1

(ज) प्रेम के बारे में लेखक के कथन को स्पष्ट कीजिए । 1

(झ) असामाजिकों को क्या सोचना बंद कर देना चाहिए और क्यों ? 1

(ञ) गद्यांश से चुनकर एक मुहावरे का सार्थक प्रयोग कीजिए । 1

(ट) उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए – असामाजिक 1

13 कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) सर्वोदय, तथागत । (संधि–विच्छेद कीजिए)

(ख) यह तुमने करा था । (शुद्ध कीजिए)

(ग) तुम चुप थे इसलिए मैं चुप था । (सरल वाक्य बनाइए)

(घ) अब चुपचाप उठो और सो जाओ । (अर्थ के अनुसार वाक्य भेद बताइए)

(ङ) तुम खा नहीं सकते । (कर्मवाच्य में बदलिए)

14 निम्नलिखित में से किसी एक का भाव–पल्लवन कीजिए : 3

(क) कभी झूठ बोलना बहुत आवश्यक हो जाता है ।

(ख) देशभक्ति के बारे में मेरी मान्यता अलग है ।

15 प्रतिवेदन क्या है ? सोदाहरण समझाइए । 3

अथवा

टिप्पण किसे कहते हैं ? टिप्पण के प्रकार स्पष्ट कीजिए ।

16 निम्नलिखित अवतरण का सार लगभग एक–तिहाई शब्दों में लिखिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 4

हिंदी भारत के अधिसंख्य लोगों द्वारा बोली जाती है । यह भारत संघ की राजभाषा है और हमारी संपर्क भाषा भी । संपर्क भाषा के रूप में इसकी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है । खासकर भारतीय शहरों में जहाँ दो हिंदीतर व्यक्ति परस्पर भी भिन्न भाषा भाषी हों उन्हें विचार संप्रेषण हेतु हिंदी का सहारा लेना पड़ता है । इस प्रकार यह बाँधने वाली कड़ी है । अंग्रेजी यह भूमिका कभी नहीं निभा सकती । कठिनाई सिर्फ यह है अंग्रेजी जानने वाले तीन प्रतिशत लोग अपने को भारत का सर्वेसर्वा मान बैठे हैं । विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में अंग्रेजी समर्थकों का बोलबाला है और वे हिंदी को अपनी प्रतिद्वंद्वी मानते हैं । सच तो यह है कि हिंदी किसी की प्रतिद्वंद्वी नहीं है, न विरोधी है । उसे तो वही सम्मान चाहिए जो किसी एक भारतीय भाषा को मिलना चाहिए ।

17 अपनी प्रिय किसी महिला खिलाड़ी की दो विशेषताएँ लिखिए । 2

18 एक रोगी की परिचारिका ने उसके ज्वर के ये आँकड़े प्रस्तुत किए हैं । इन्हें उपयुक्त आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समय | : | 6 बजे | 10 बजे | 2 बजे | 6 बजे | 10 बजे |
| ताप | : | 100.5° | 101° | 103° | 100° | 101° |
| हृदय गति | : | 80 | 85 | 90 | 80 | 80 |

19 आपके नगर में स्वच्छता की दुर्व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए । 4

अथवा

सार्वजनिक बसों में भीड़भाड़ और अभद्र व्यवहार के बारे में किसी समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

20 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(क) स्वच्छ भारत : आदर्श भारत

(ख) प्राकृतिक आपदा का हाल

(ग) वन रहेंगे हम रहेंगे

(घ) मेरा जीवन लक्ष्य

खण्ड – 'ख'

(सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी)

21 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1

(क) स्टिंग ऑपरेशन

(ख) संवाददाता

(ग) विज्ञापन

22 (क) संचार माध्यमों के किन्हीं दो अवयवों का परिचय दीजिए । 2

(ख) 'मीड़िया' को लोकतंत्र का चौथा खंभा क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । 2

23 आपके विचार से समाचार–पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए ? तीन विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 3

24 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई तबाही पर एक छोटा–सा समाचार मुद्रित माध्यम के लिए लिखिए । 3

25 (क) किसी 24×7 समाचार चैनल की दो विशेषताएँ लिखिए । 2

(ख) समाचार संकलन के दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए । 2

## खण्ड – 'ग'

### (विज्ञान की भाषा - हिंदी)

21 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो को परिभाषित कीजिए : 1

(क) परजीवी

(ख) एड्स

(ग) संगणक

22 (क) महर्षि चरक के दो योगदानों का उल्लेख कीजिए । 2

(ख) भास्कर भट्ट की प्रसिद्धि के दो कारण लिखिए । 2

23 विज्ञान की भाषा और सामान्य भाषा में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए । 4

अथवा

जनसंख्या नियंत्रण के उपायों की चर्चा कीजिए ।

24 वैज्ञानिक दृष्टि का तात्पर्य और महत्व समझाईए । 3

25 कंप्यूटर के आ जाने से विज्ञान शिक्षण को कैसे रोचक बनाया जा सकता है ? अपने विचार दीजिए । 3